हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 19 दिसंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 21.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

4
जिले में 19,436 किसानों ने बेचा धान 10 लाख क्विंटल से अधिक खरीदी



**खबर संक्षेप**

### मुख्यमंत्री ने दी जिले की और 4 सड़कों की मंजूरी



**जशपुरनगर।** जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक और बड़ी पहल करते हुए 4 प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिए कुल 12 करोड़ 69 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से आवागमन सुविधाजनक होगा, ग्रामीण–शहरी संपर्क मजबूत होगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। इस सौगात पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। स्वीकृत सड़कों में जिले के कंडोरा से आराकोना पहुंच मार्ग 3 किलोमीटर लंबी सड़क के लिए 3 करोड़ 86 लाख रुपए की मंजूरी, माडो से ढेंगनी पहुंच मार्ग 3 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 3 करोड़ 77 लाख रुपए की मंजूरी, चराईडांड के मलेरिया बस्ती से एनएच–43 तक 1.90 किलोमीटर सड़क के लिए 2 करोड़ 20 लाख रुपए की स्वीकृति एवं बेहराखार अटल चौक से कुरूमढ़ोड़ा तक 2.86 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ 76 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में जिले को सड़क निर्माण के लिए लगभग 1 हजार करोड़ रुपए की सौगात दी है। इससे न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूती मिली है, बल्कि ग्रामीण अंचलों की तस्वीर भी तेजी से बदल रही है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय को विकासोन्मुखी और जनहितकारी कदम बताते हुए लोगों में उत्साह का माहौल है।

### कोतबा में 20 से बहेगी भक्ति की रसधार

**कोतबा।** जशपुर जिले की धर्मनगरी कोतबा एक बार फिर भक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। नगर के श्याम मंदिर, तिलगोड़ा प्रांगण में आगामी 20 दिसंबर से सार्वजनिक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 26 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें क्षेत्र के धर्मप्रेमी बंधु भक्ति रस का पान करेंगे। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार, कथा का वाचन वृंदावन धाम से पधार रहीं सुप्रसिद्ध कथा वाचिका राधे प्रिया जी के मुखारविंद से किया जाएगा। वहीं, कार्यक्रम का पावन सानिध्य श्याम मंदिर कोतबा के आचार्य बलराम ब्रजवासी को प्राप्त होगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। सप्ताह भर चलने वाले इस आध्यात्मिक महाकुंभ का शुभारंभ 20 दिसंबर, शनिवार को भव्य कलश यात्रा, देव प्रतिष्ठा और भागवत महात्म्य के साथ होगा। नगर की महिलाएं और युवतियां कलश यात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण करेंगी।

### वेतन वृद्धि का नहीं करने पर विद्युतकर्मी करेंगे आंदोलन

**अम्बिकापुर।** ज्वलंत मांगों के संबंध में लिखित आश्वासन के बावजूद आदेश जारी नहीं होने और विद्युतकर्मियों को बिजली बिल में छूट बंद करने के विरोध में विद्युत कर्मचारी महासंघ ने चेयरमैन के नाम से मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। महासंघ के विमलेन्द्र साहू ने बताया कि पिछले दिनों धरना-प्रदर्शन उपरांत विद्युत प्रबंधन एवं महासंघ के बीच द्विपक्षीय वार्ता में वर्ष 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारी-अधिकारी के लिए पुरानी पेंशन और संविदा कर्मचारियों की वेतन वृद्धि के आदेश शीघ्र जारी करने के संबंध में सहमति बनी थी तथा प्रबंधन लिखित आश्वासन जारी किया था। दो माह से अधिक समय व्यतीत होने के बाद भी प्रबंधन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी नहीं किया गया है। प्रबंधन द्वारा नियमित/सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के आवासीय परिसर में पीएम सूर्यघर योजना का सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित करने का आदेश जारी किया गया तथा प्लांट स्थापित नहीं करने पर बिजली बिल में मिल रही 50 प्रतिशत छूट को बंद कर दिया गया। प्रबंधन की वादाखिलाफी के विरोध में महासंघ द्वारा क्षेत्रीय मुख्यालयों में मुख्य अभियंता को चेयरमैन के नाम से ज्ञापन दिया गया।

## पीएम आवास के लिए छूट का फायदा उठा रहे रेत माफिया

# खोखली होती ईब नदी, ट्रैक्टर से रेत लाकर कर रहे कालाबाजारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले के विकासखंड फरसाबहार में आने वाले समडमा, बघियाकानी व कांसाबेल विकासखंड के कछुआकानी क्षेत्र में ईब नदी से बालू का अवैध रूप से बेखौफ तरीके से उत्खनन किया जा रहा है। रेत माफिया प्रधानमंत्री आवास योजना का नाम लेकर ट्रैक्टर और मशीनों के जरिए नदी घाटों से दिन-रात बालू निकाल रहे हैं।

जानकारी के अनुसार पहले जहां एक ट्रॉली रेत 12 सौ रुपए में मिल जाती थी, वहीं अब यही रेत 3 हजार से 5 हजार रुपए तक बेची जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले में ईब नदी से प्रतिदिन करीब 30 लाख रुपए मूल्य की रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। निर्देशों के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए ट्रैक्टर से रेत ले जाने की सीमित छूट दी गई है, लेकिन इसी छूट का दुरुपयोग करते हुए रेत माफिया खुलेआम असीमित अवैध खनन कर रहे हैं। समडमा घाट से बिना किसी वैध अनुमति के ट्रैक्टरों के माध्यम से दिन रात बालू निकाला जा रहा है।

**12 सौ रुपए ट्रॉली की रेत को 3 से 5 हजार रुपए तक बेच रहे**



**रेत माफिया कर रहे तस्करी:** स्थिति और भी गंभीर इसलिए हो जाती है क्योंकि बघियाकानी से कछुआकानी के बीच ईब नदी पर सेतु विभाग द्वारा निर्मित पुल के ठीक नीचे और आसपास रेत खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद पुल के पिलरों के समीप खुलेआम बालू निकाली जा रही है। सुबह 5 बजे से लेकर रात 11 बजे तक ट्रैक्टर और मशीनों की कतार घाटों पर लगी रहती है। बताया जा रहा है कि हर घाट से प्रतिदिन 200 से अधिक ट्रैक्टर रेत निकाली जा रही है। शासन द्वारा पीएम आवास के नाम पर ट्रैक्टरों पर कार्रवाई पर रोक लगाए जाने का सीधा लाभ रेत तस्करों को मिल रहा है। घाट बंद होने का हवाला देकर ये लोग दोगुने से पांच गुना दामों में ओडिशा और रायगढ़ जिले के लैलूंगा, कोतबा, लुड़ेग के इलाकों में खपाई जा रही रेत फरसाबहार के बघियाकानी में ईब नदी से इस तरह अवैध खनन किया जा रहा। ग्रामीणों ने बताया- हर घाट से प्रतिदिन 200 से अधिक ट्रैक्टर रेत निकाली जा रही है।

### 200 ट्रैक्टर से अधिक का प्रतिदिन उत्खनन

कांसाबेल विकासखंड के कछुआकानी एवं फरसाबहार के बाघीयाकानी क्षेत्र से प्रतिदिन लगभग 200 ट्रैक्टर रेत निकाले जाने की बात सामने आ रही है, जिसकी आपूर्ति कुनकुरी और झारखंड के सिमडेगा जिले तक की जा रही है। यह अवैध गतिविधि के दिनदहाड़े जारी है।

### रोड पर लगा रहता है जाम

ग्राम पंचायत अमडीहा के बलुआबहार क्षेत्र में शासन द्वारा विधिवत स्वीकृत रेत खदान मौजूद है, जहां नियमों के अनुसार रॉयल्टी लेकर रेत का वितरण किया जा रहा है। इसके बावजूद अवैध खनन करने वाले लोग अधिक मुनाफे के लालच में वैध खदान से रेत लेने के बजाय समडमा के ईब नदी घाटों को निशाना बना रहे हैं। इसके कारण सिंगीबहार बघियाकानी मार्ग पर भारी ट्रैक्टर ट्रैफिक बना रहता है।

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुनकुरी ने बताया कि शासन के गाइड लाइन के अनुरूप पीएम आवास निर्माण के अलावा किसी तरह से कोई अवैध खनन के मामले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- नारायणपुर के अटल चौक पर खड़ी बस से टकराई बाइक

नारायणपुर थाना क्षेत्र के अटल चौक में यह हादसा उस समय हुआ, जब जशपुर से अंबिकापुर की ओर जा रही अंबालिका यात्री बस सड़क किनारे सवारी उतारने के लिए रुकी हुई थी। इसी दौरान एक बाइक बस से जा टकराई, और इस टक्कर ने एक ही परिवार के दो लोगों की जान ले ली।

हादसा इतना भीषण था कि बाइक चला रहे पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पुत्र को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया। मृतक केरसई के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो सेन्द्रीमुण्डा महुवाटोली में अपने परिचित के यहां मेहमान बनकर आए थे। सुबह घर लौटते समय यह दर्दनाक हादसा हो गया। फिलहाल पुलिस मौके पर मौजूद है, मामले की जांच की जा रही है, और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम सरईटिकरा निवासी नंदलाल राजवाड़े आ. भुवनेश्वर राजवाड़े (57 वर्ष) 15 दिसंबर की शाम शहर से घर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार सरई टिकरा और जगदीशपुर के बीच पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान आज सुबह मौत हो गई।

## दो पिकअप से 26 गौवंश मुक्त 4 की मौत, तस्कर फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद लगातार प्रभावी साबित हो रहा है। इसी कड़ी में सिटी कोतवाली जशपुर और कुनकुरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पिकअप वाहनों से 26 नग गौवंशों को मुक्त कराया है। तस्करी में प्रयुक्त दोनों पिकअप वाहन जब्त कर लिए गए हैं, जबकि गौ तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

दिनांक 16-17 दिसंबर की दरम्यानी रात मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि पिकअप वाहनों में बड़ी संख्या में गौवंश भरकर जशपुर होते हुए झारखंड ले जाए जा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ऑपरेशन जारी रहेगा

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस गौ तस्करी को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। ऑपरेशन शंखनाद लगातार जारी रहेगा। फरार तस्करों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा, गौ तस्करी में संलिप्त किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### काईकछार में पलटा पिकअप

जशपुर की ओर भाग रही पिकअप क्रमांक जेएच-01-भीवाई-7119 तेज रफ्तार में काईकछार के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। चालक मौके से फरार हो गया। वाहन की तलाशी में त्रिपाल के नीचे 10 गौवंश रस्सियों से बेरहमी से बंधे मिले, जिनमें से एक की मौत हो चुकी थी। शेष गौवंशों का पशु चिकित्सक से उपचार कराया गया, मृत गौवंश का पोस्टमार्टम कर विधिवत अंतिम संस्कार किया गया।

### 16 गौवंश बरामद

दूसरी पिकअप क्रमांक जेएच-01-एफके-5521 का पीछा कर रही टीम ने कुनकुरी क्षेत्र में नाकाबंदी की। ग्राम गड़ाकाटा के पास पुलिस को देख चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पिकअप से सब्जी कैरेट के पीछे छिपाकर रखे 16 गौवंश मिले, जिनमें से 3 की मौत हो चुकी थी। यहां भी पशु चिकित्सकीय परीक्षण के बाद मृत गौवंशों का अंतिम संस्कार कराया गया। पुलिस ने दोनों पिकअप वाहनों को जब्त कर छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1) (क) (घ) के तहत थाना सिटी कोतवाली जशपुर एवं कुनकुरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## देश और समाज के विकास के लिए शिक्षा आवश्यकः जूदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

- जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने किया केंदापानी स्कूल का निरीक्षण
- बच्चों के साथ स्कूल मे किया मध्यान भोजन

देश और समाज के विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है। शिक्षा का गुणवत्ता स्तर जितना अच्छा होगा, देश की तरक्की की गति उतनी ही तेज होगी। जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने उक्त बातें कहीं।

जूदेव दुल्दुला ब्लाक के केंदापानी मे मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत मिडिल स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान दुलदुला के बीईओ हेमंत नायक, बीआरसीसी दिपेन्द्र सिन्हा, के साथ स्कूल के प्रधान पाठक उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जूदेव ने स्कूल मे शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता, खेल की सुविधा सहित अन्य विषयों पर छात्रों और



अभिभावकों से विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने जूदेव के सवालों का त्वरित उत्तर दिया, इस उन्होंने बच्चों की प्रशंसा की। अपने सम्बोधन मे जूदेव ने कहा कि शिक्षा के साथ इसकी गुणवत्ता पर ध्यान देना आवश्यक है। इसलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्कूलों की शिक्षा का स्तर परखने और इसमें सुधार के लिए यह अभियान शुरू किया है। अभियान के फीडबेक को आन लाइन अपडेट किया जाएगा। इसके आधार पर राज्य सरकार आगे की योजना तैयार करेगी।

### स्कूल भवन और बाउंड्री वाल की मांग

निरीक्षण के दौरान केंदापानी के ग्रामीणों ने स्कूल के लिए भवन और बाउंड्रीवाल की मांग की है। कंदर्प सिंह ने बताया कि स्कूल का सीमांकन ना होने से जमीन पर अवैध कब्जा हो रहा है, जिससे खेल मैदान का अस्तित्व सीमटता जा रहा है। जूदेव ने इस पर पहल और कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### बच्चों के साथ किया मध्यान भोजन

कार्यक्रम के बाद शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष के साथ भोजन करके विद्यार्थी उत्साहित दिखे।

## दो फरार बैगा आए पुलिस की गिरफ्त में

**जशपुरनगर।** थाना दुलदुला क्षेत्रांतर्गत ग्राम भिंजपुर में टोनही प्रताड़ना के गंभीर मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घटना दिनांक से फरार चल रहे दो बैगाओं को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपियों ने मृतक को जिंदा करने का दावा किया था और असफल होने पर गांव की एक महिला पर टोनही का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट करवाई थी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला ग्राम भिंजपुर का है, जहां प्रार्थिया फौसी बाई ने 8 नवंबर 2025 को थाना दुलदुला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि मृतका सुनीता भगत, जो रायपुर में निवासरत थी, निजी कार्य से अपने गृहग्राम भिंजपुर आई हुई थी। अचानक तबीयत बिगड़ने से उसकी मृत्यु हो गई, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों को संदेह था कि किसी की नजर लगने से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने पूर्व में इस मामले में मृतका के परिजनों और दो बैगाओं सहित कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस प्रकरण में फरार चल रहे दो बैगा रत्थू राम चौहान (53 वर्ष) एवं विरनची महतो (63 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम लेंथरा, थाना



बरमकेला, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ लगातार फरार थे। जशपुर पुलिस की मुखबिर सूचना और टेक्निकल टीम की मदद से उनके गांव में मौजूद होने की जानकारी मिली, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम को सारंगढ़-बिलाईगढ़ भेजा गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को ग्राम लेंथरा से हिरासत में लेकर जशपुर लाया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। उनके कब्जे से तंत्र-मंत्र में प्रयुक्त बंदर की हड्डी भी जप्त की गई। पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## खराब सड़क को लेकर तिवारी ने उठाए सवाल

**पत्थलगांव।** राष्ट्रीय राजमार्ग की घटिया मरम्मत और सड़क को कुछ दूर तक उखाड़ कर उस जगह को ज्यो का त्यों छोड़ने पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज तिवारी ने सत्तापक्ष के स्थानीय नेताओं पर सवाल उठाए हैं।



श्री तिवारी ने कहा कि इंदिरा चौक पर एक लम्बे इन्तजार के बाद सड़क मरम्मत का कार्य किया गया, लेकिन ये खुशी शहर वासियों के लिए ज्यादा देर नहीं रही। कुछ ही घंटे बाद ही घटिया रिपेयरिंग का हवाला देते हुए जेसीबी से रोड को उखड़वा दिया गया। श्री तिवारी ने कहा कि सत्तापक्ष के स्थानीय नेता यहां से लेकर दिल्ली तक त्रिपल इंजन के सरकार का हवाला देते रहे हैं। अच्छी सड़क हर आम आदमी का अधिकार है जिससे पत्थलगांव के शहरवासी बीते तीन दशकों से दूर हैं। सड़क पर गड्ढे या गड्ढे पर सड़क बस इसी का दंश झेल रहे हैं। उन सभी बातों से हटकर शहरवासियों को अच्छी सड़क जो आवगमन के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है वो आखिर कब बनकर मिलेगी।

### प्रशिक्षणार्थियों ने शिविर लगाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर के प्रशिक्षार्थियों ने रविवार को ग्राम बेदमी में शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को साइबर क्राइम सुरक्षा की जानकारी दी। प्रशिक्षणार्थियों ने भाषण, जागरूकता रैली, नुक्कड़, नाटक, गीत व सांस्कृतिक नृत्य के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान अध्यक्ष सह चेयरमेन प्रमेन्द्र तिवारी, सीएओ राकेश तिवारी, प्राचार्य डॉ.छविरानी मंडल सहित अन्य अध्यापक उपस्थित थे।

## विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

# शोध कोई अल्पकालिक प्रक्रिया नहीं, यह समय और समर्पण मांगता हैः सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

शासकीय विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में एक विशेष शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

"नोवेल स्कर्फी माउस म्यूटैंट एंड नोबेल प्राइज इन फिजियोलॉजी ऑर मेडिसिन" विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो.प्रेम प्रकाश सिंह उपस्थित रहे। व्याख्यान में चिकित्सा विज्ञान और शोध की आधुनिक उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो.सिंह ने कहा कि शोध एक दिन या कुछ महीनों में पूरा होने वाली प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह वर्षों की



मेहनत, धैर्य और पूर्ण समर्पण की मांग करता है। उन्होंने छात्राओं को अनुसंधान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और असफलताओं से सीखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में सफलता उन्हीं को मिलती है, जो निरंतर प्रयास करते हैं और अपने लक्ष्य पर डटे रहते हैं। व्याख्यान के दौरान प्रो. सिंह ▶▶ शेष पेज 4 पर

### रेगुलेटरी टी सेल्स हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को संतुलित रखने ने अहम

नोबेल पुरस्कार 2025 ₹पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस₹ की खोज प्रो.सिंह ने "स्कर्फी माउस" पर किए गए प्रयोगों के उदाहरण के माध्यम से इस जटिल विषय को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने बताया कि एफओएक्सपी 3 जीन और रेगुलेटरी टी-सेल्स हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यदि यह संतुलन बिगड़ जाए तो ऑटोइम्यून बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं, जिनमें शरीर खुद अपने अंगों को नुकसान पहुंचाने लगता है। उन्होंने कहा कि इस खोज से भविष्य में ऑटोइम्यून रोगों, कैंसर के उपचार और अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव संभव होंगे। चिकित्सा विज्ञान में यह खोज मील का पत्थर साबित हो सकती है, क्योंकि इसके माध्यम से नई दवाओं और उपचार पद्धतियों का विकास किया जा सकेगा।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### जनपद अध्यक्ष विनय भगत बने अजजा मोर्चा के जिला महामंत्री



**राजपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से जिले के जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत को भारतीय जनता पार्टी में नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा जिला स्तर पर अध्यक्ष एवं महामंत्री की घोषणा की गई। विनय भगत लंबे समय से पार्टी और जनसेवा से जुड़े हुए हैं तथा वर्तमान में राजपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नियुक्ति के बाद जिला महामंत्री विनय भगत ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जवाबदेही भी है। वे भाजपा की नीतियों, विचारधारा और कार्यक्रमों को अनुसूचित जनजाति समाज तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। साथ ही संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और जनजातीय समाज के अधिकारों, विकास और कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

### मिनी ट्रक चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक की मौत



**बिश्रामपुर/करवां।** ग्राम करवां–लटोरी मार्ग पर बुधवार की दोपहर करीब सवा 2 बजे हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई,प्राप्त जानकारी अनुसार करवां गांव की तरफ से सुजुकी बाइक से आ रहे तिलेश्वर सिंह उर्फ लोली, 25 वर्ष पिता रघुवीर,निवासी पोडिपा को लटोरी गांव की ओर जा रहे मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 3602 के चालक ने ईंट भट्ठा समीप जोरदार टक्कर मार दी,हादसे में बाइक सवार तिलेश्वर सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई,सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी लटोरी अरुण गुप्ता, एएसआई मानिक दास, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, आरक्षक विकास मिश्रा, शोभनाथ कुशवाहा एवं कुंदलाल मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा के बाद शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी के मर्च्युरी में रखवा दिया गया एवं मामले में मर्ग कायम किया गया है,घटना के बाद लटोरी रोड में कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया जिसे पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर बहाल कराया, लटोरी पुलिस अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी पता तलाश में जुटी है।

### ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा



**लखनपुर।** ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू द्वारा ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा की गई। भाजपा संगठन को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से सरगुजा संभाग को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। राजेंद्र जायसवाल को दुर्ग संभाग प्रभारी ओबीसीमोर्चा का नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से सरगुजा सहित पूरे क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ओबीसी समाज में उत्साह और हर्ष का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ ओबीसी समाज के हितों के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए प्रभावी रूप से कार्य करेंगे।

### रामभाठा क्षेत्र में मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। रामभांठा क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में कोतवाली पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बलवा के अपराध में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार भी जब्त किए हैं। 16 दिसंबर को प्रार्थिया उषा चौहान पिता कमलेश चौहान 20 वर्ष निवासी जवाहर नगर रामभांठा ने थाना कोतवाली में लिखित आवेदन में बताया गया था कि 15 दिसंबर की रात्रि करीब 9 बजे उसकी बहन ईशा चौहान ने पुरानी रंजिश के चलते सोनी सारथी एवं बादल उर्फ सानू सारथी के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी, जिस पर अपराध क्रमांक 659/2025 धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। रिपोर्ट दर्ज होने से नाराज होकर अगले दिन 16 दिसंबर की दोपहर सोनी सारथी अपने भाई आकाश सारथी, बादल उर्फ सानू तथा उनके अन्य साथियों अनिकेत सारथी, अंकित सारथी, ओम सारथी, कान्हा और यश के साथ हथौड़ा, डंडा एवं लोहे की रॉड लेकर उनके घर पहुंचे और थाना में रिपोर्ट करने की बात को लेकर गाली-गलौच करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल और बजाज पल्सर एनएस-200 में भी हथियारों से तोड़फोड़ की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लोहे का हथौड़ा, बेसबॉल बैट एवं बांस का डंडा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बादल उर्फ सानू सारथी, आकाश सारथी, सोनी उर्फ दुर्गा सारथी, ओम सारथी, यश महानंद, अंकित सारथी एवं अनिकेत सारथी सभी निवासी जवाहर नगर रामभांठा रायगढ़ शामिल हैं, जिन्हें भेज दिया गया है।

## बारिश में कीचड़ के बाद अब धूल के गुबार से बढ़ी परेशानी

# एनएच 343 की मरम्मत हेतु मिले 10 करोड़, अब तक कार्य नहीं हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 की जर्जर सड़क लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। जर्जर सड़क के मरम्मत हेतु राशि जारी होने के बाद भी अबतक कार्य शुरू नहीं कराया गया है। ऐसे में बारिश के समय लोग कीचड और गड्ढों से परेशान रहे जबकि अब गड्ढों के साथ उड़ती धूल ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसे में लोगों में रोष का माहौल है। इधर अधिकारी टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद मरम्मत का काम शुरू होने की बात कह रहे है।

**खास बात**

- रजपुरीखुर्द से बंगाली चौक तक डेढ़ करोड का वर्क आर्डर जारी

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच रजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच 49 किलोमीटर सड़क के लिए 397.44 करोड़, बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किलोमीटर सड़क के लिए 199.05 करोड़ व संजय नगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किलोमीटर बाईपास सड़क निर्माण हेतु 149.94 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृत है और वर्षो के इंतजार के बाद सड़क के निर्माण का कार्य शुरू भी हो गया है लेकिन बारिश के समय एनएच 343 के जर्जर सड़क की हालत बदतर हो गई। सड़क के गड्ढों और कीचड़ के कारण लोग परेशान रहे जबकि अब गड्ढों के साथ उड़ती धूल से लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। बड़ी बात यह है कि सड़क निर्माण के दौरान मार्ग को आवागमन योग्य बनाए रखने हेतु मरम्मत के लिए शासन से लगभग 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। इस राशि से निर्माण के दौरान जर्जर सड़क के गड्ढों को भरा जाएगा ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो लेकिन राशि जारी होने के बाद भी अब तक मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ है। शहर के बंगाली चौक से रजपुरी खुर्द के बीच स्थिति खराब है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धूल का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।



एनएच 343 की धूलधुसरित सड़क।

### अब तक सिर्फ टेंडर की हुई प्रक्रिया

बताया जा रहा है कि एनएच 343 पर सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया है अंबिकापुर से बलरामपुर के बीच, रजपुरी से पाढ़ी के बीच काम चल रहा है लेकिन इस जर्जर सड़क को आवागमन योग्य बनाए रखने का काम शुरू नहीं हो पाया है। विभाग ने 10 करोड़ के मरम्मत व पैच रिपेयरिंग कार्य को ठेकेदारों के मूल एग्रीमेंट में जोड़ दिया गया है जबकि सिर्फ रजपुरी खुर्द से बंगाली चौक तक सड़क मरम्मत हेतु डेढ़ करोड़ रुपए का टेंडर किया गया है और वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है लेकिन ठेकेदार की ओर से अब सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया है। शहर के बंगाली चौक से शंकरघाट, सोनपुर कला की ओर जर्जर सड़क के कारण लोगों को खासी परेशानी हो रही है।

### जल्द शुरू होगा कार्य

ठेकेदार ही सड़कों के मरम्मत का कार्य करेंगे और इस कार्य को उनके मूल एग्रीमेंट में जोड़ दिया गया है। रजपुरी खुर्द से बंगाली चौक तक अलग से पैच रिपेयरिंग और मरम्मत कार्य हेतु टेंडर कर लिया गया है। जल्द ही मरम्मत के कार्य शुरू किए जाएंगे। ठेकेदार सड़कों का निर्माण करने के साथ ही मरम्मत कार्य भी करेंगे।

-आरडी ताम्ब्रे, ईई, एनएच

### मरम्मत की गई सड़क की जांच कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन



शहर में सड़कों की गई डामरीकरण के बाद कई जगह पानी जमाव होने को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप सड़कों की जांच कराने की मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में शिवेश सिंह बाबू ने बताया है कि कई वर्षों बाद शहर में सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसा देखा जा रहा है कि प्रचलित सड़क पर ही डामरीकरण कर दिया जा रहा है। रोड इंजीनियरिंग की कमियों को दूर नहीं किया जा रहा है। कई जगह सड़कों का समतलीकरण नहीं किया गया है जिससे जल जमाव से भविष्य में सड़कें फिर टूटेंगी। उन्होंने बताया कि सड़कों पर पानी का जमाव न हो इस तकनीकी खामी को दूर करने से सड़कें ज्यादा दिनों तक टिकेंगी। इस खामी को दूर करने एक टीम गठित कर जांच कराने तथा जिन सड़कों का निर्माण किया गया है वहां पर पानी डलवा कर गड्ढों की पहचान कर उसे समतल किए जाने की मांग की है।



# कड़ाके की ठंड से 3 प्रदर्शनकारी बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन विद्युत विहीन गांवों में विद्युत विस्तार की मांग लेकर पिछले दो दिनों से चल रही अनिश्चित कालीन हड़ताल अब हड़ताली जनप्रतिनिधियों के लिए खतरनाक साबित हो रही है तथा भीषण ठंड में प्रदर्शनकारी बीमार पड़ रहे हैं।

- विद्युत विस्तार की मांग लेकर कर रहे अनिश्चित कालीन प्रदर्शन

दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांवों में अभी तक विभाग विद्युत विस्तार नहीं कर सका है। क्षेत्रवासियों की मांग पर विभाग अब तक 5-6 बार प्रभावित ग्रामों का सर्वे करा चुका है लेकिन विद्युत विस्तार का कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। क्षेत्रवासियों की समस्याओं को देखते हुए सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत करौटी ए के सरपंच गजमोचन सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व ग्रामीण विद्युत विस्तार की मांग लेकर 15 दिसम्बर से तहसील कार्यालय मैदान में धरना-प्रदर्शन कर रहे है। प्रदर्शनकारी धरनास्थल स्थित टेंट में 24 घंटा मौजूद रहे हैं। रात में भीषण ठंड पड़ने के कारण प्रदर्शनकारी बीमार पड़ रहे हैं। बुधवार को आंदोलन के सूत्रधार गजमोचन सिंह को तेज बुखार के साथ उल्टी दस्त होने लगा साथ ही समाजसेवी सियाराम साहू एवं लक्षण जायसवाल को तेज बुखार आ गया। ग्रामीण तीनों बीमार लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद बीमार प्रदर्शनकारी फिर से धरनास्थल पर पहुंच गए हैं।

चिकित्सक बीच-बीच में बीमार प्रदर्शनकारियों का हाल जानने के लिए पहुंच रहे हैं। धरनास्थल पर न तो अलाव की व्यवस्था है न ही पानी की। टेंट भी चारो तरफ से खुला है जिसके कारण ठंड से प्रदर्शनकारियों का बुरा हाल है। स्थिति को देखते हुए अन्य प्रदर्शनकारियों के भी बीमार पड़ने की संभावना जताई जा रही है। धरनास्थल पर प्रदर्शनकारियों का हाल जानने अभी तक कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा है।

### विशाल हिन्दू सम्मेलन में उमड़ी लोगों की भीड़

**राजपुर।** विकासखंड मुख्यालय कुसमी मार्ग स्थित प्रकाश पेट्रोल पंप ग्राउंड में बुधवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में राजपुर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, पुरुष एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बजरंगबली, भारत माता तथा श्रीराम-सीता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पमाला अर्पण कर की गई। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में अभय राम कुंभकार उपस्थित रहे, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जिला संघ संचालक रमाशंकर पैकरा एवं मनोज कुमार गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मालती कश्यप ने की। मुख्य वक्ता अभय राम कुंभकार ने अपने उद्बोधन में हिंदू समाज को जागरूक एवं संगठित करने पर बल देते हुए पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने, सामाजिक समरसता एवं नागरिक कर्तव्यों को समाज के उत्थान के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक एकता के माध्यम से ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों एवं प्रेरणा पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने तालियों के साथ सराहा। इस हिंदू सम्मेलन में भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, जिला महामंत्री संजय सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव सहित अनिल तिवारी, बदरू गुप्ता, उदय यादव, उमेश झा एवं अन्य मौजूद रहे।





# महासंघ ने मनाया पेंशनर्स डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने आज गांधी चौक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पेंशनर्स दिवस मनाया।

गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात संघ के प्रदेश सचिव प्रदीप सोनी ने कहा कि मध्यप्रदेश पुर्नगठन अधिनियम 2000(49) 6 को छत्तीसगढ़ सरकार तत्काल समाप्त करें। क्योंकि इसी अवधि में उत्तरप्रदेश से उत्तराखंड और बिहार से झारखण्ड अलग राज्य बने। लेकिन वहां जब कोई समस्या नहीं है तो फिर छत्तीसगढ़ में पेंशनरों को क्यों परेशान किया जा रहा है। इस अधिनियम को जल्द से जल्द खत्म किया जाए, साथ ही 80 महीने का महंगाई राहत भत्ता के एरियर्स को पेंशनरों के खाते में तत्काल जमा कर सरकार राहत देवे। संघ के जिलाध्यक्ष मानिक चंद ने कहा कि संघ द्वारा दायर याचिका पर 17 दिसंबर 1982 को माननीय उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पेंशन नहीं कर्मचारियों का हक और अधिकार है।

इसी फैसले के बाद प्रतिवर्ष 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस मनाया जाता है, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केंद्र के देय तिथि से पेंशनरों को भी महंगाई राहत भत्ता दे। संघ के संभागीय अध्यक्ष गुरूचरण सिंह ने कहा कि विधायक और मंत्रियों का भत्ता तो सदन में ताली बजाकर बढ़ा लेते हैं लेकिन हम पेंशनरों को परेशान करते हैं संघ के कोषाध्यक्ष बीसी अग्रवाल ने बताया कि विधायक, सांसद चार-पांच पेंशन ले रहे हैं इस पर रोक लगे, कर्मचारियों को पेंशन के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ता है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पेंशन कर्मचारियों का हक है।

इस अवसर पर संघ के एसएन कुशवाहा, मूरत सिंह, उपेंद्र गुप्ता, प्रकाश चंद्र मेहता, सुरेश शर्मा, विनोद द्विवेदी, पीतांबर राम भगत, जितेंद्र सिंह, केके तिवारी, एसएल मालवीय, कांत प्रसाद सिन्हा, एसपी गुप्ता, एलके सिदार सहित काफी संख्या में पेंशनर उपस्थित थे।

## प्रधान जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में जिला जेल का किया गया निरीक्षण

**सूरजपुर।** न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और बंदियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती विनीता वार्नर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट जेल विजिटर्स बोर्ड ने आज जिला जेल का संघन और व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में बंद कैदियों की वर्तमान स्थिति, उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से प्रदान की जा रही सेवाओं का गहन समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान बोर्ड के सदस्यों ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से मुआयना किया। इसमें कैदियों के बैरक, रसोईघर, स्वास्थ्य केन्द्र और अन्य सामान्य उपयोग के क्षेत्रों का विस्तृत अवलोकन शामिल था। अधिकारियों ने कैदियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी दैनिक दिनचर्या से संबंधित जानकारी ली। निरीक्षण दल ने जेल में स्वच्छता की स्थिति, भोजन की गुणवत्ता और पोषण मानकों, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता दवाओं और चिकित्सकों की उपस्थिति सहित कैदियों के लिए शिक्षा कार्यक्रमों और खेल-कूद जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी मूल्यांकन किया। जेल लीगल एड क्लीनिक की कार्यप्रणाली की भी जांच की गई ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कैदियों को कानूनी सलाह आसानी से मिल रही है। प्रधान जिला न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि कैदियों को प्रदान की जाने वाली सभी मौलिक सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक भोजन एवं नियमित चिकित्सा जांच बिना किसी व्यवधान के सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं निःशुल्क प्रकरण की पैरवी हेतु अधिवक्ता की नियुक्ति के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। आयोजित शिविर में न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल ने कहा की अपने आपको अक्षम न समझे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आपकी सेवा में तत्पर है किसी भी प्रकार की सहायाता के लिए जेल अधीक्षक या प्राधिकरण की ओर से निरीक्षण करने आने वाले लीगल एड अधिवक्ताओं अपनी समस्या बताएं।



### प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत करवां बतरा गांव में आवास चौपाल का आयोजन



**बिश्रामपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत करवां एवं बतरा में आवास चौपाल का आयोजन किया गया,गौरतलब है कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है,जिला प्रशासन द्वारा हितग्राहियों को स्वीकृत आवासों के अनुसार आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं,आवास चौपाल के माध्यम से हितग्राहियों को योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई तथा निर्माण प्रक्रिया,भुगतान की किस्तों एवं समयबद्ध निर्माण को लेकर मार्गदर्शन किया गया,जिला प्रशासन ने आह्वान किया है कि सभी पात्र हितग्राही समय पर निर्माण कार्य पूर्ण कर योजना का लाभ उठाएं।

## शैक्षिक गुणवत्ता को सुदृढ़ रखने स्कूलों के प्रमुखों के साथ शिक्षा अधिकारी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बुधवार को नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभा कक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में निजी विद्यालय के संस्था प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा द्वारा सभी संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी निजी विद्यालयों में कक्षा-कक्ष, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेलकूद की सुविधाएँ तथा प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए,आरटीई अधिनियम के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों के नामांकन, उनकी उपस्थिति तथा उन्हें प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की सही जानकारी विद्यालय स्तर पर संधारित की जाए,किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी,आरटीई के तहत नामांकित बच्चों में ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाएँ तथा इसकी नियमित रिपोर्ट विभाग को उपलब्ध कराएं। सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी समयबद्ध रूप से तैयार कर पोर्टल पर अद्यतन की जाए जिससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक रिकॉर्ड सुरक्षित एवं सुचारु रूप से उपलब्ध रहे। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम हेतु विशेष शिक्षण योजनाएं, अतिरिक्त कक्षाएं, पुनरावृत्ति एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम संचालित किए जाएं ताकि जिले का परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सहायक संचालक शिक्षा रविंद्र सिंहदेव, जिला मिशन समन्वयक मनोज कुमार साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य सुचिता खलको, बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े व जनशिक्षक गौरीशंकर पांडे उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित शिक्षक व अधिकारी।

## बिना इंजीनियर के लेआउट कर हो रहा निर्माण

# ग्राम पंचायत चिपरकाया मूर्तडांड में नियम विरूद्ध कर रहे नाली निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सेदम

जनपद पंचायत बतौली के ग्राम पंचायत चिपरकाया मूर्ताडांड में हो रहे नाली निर्माण में न सिर्फ गड़बड़ी की जा रही है बल्कि मनमानी तरीके से निर्माण किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि नाली निर्माण बिना इंजीनियर के लेआउट के बिना ही किया जा रहा है कि जबकि नाली निर्माण के संबंध में अधिकारियों को कोई जानकारी तक नहीं है। निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव इस औचित्यहीन निर्माण में ठेकेदार का पूरा साथ दे रहे है। इधर नाली निर्माण में बरती जा रही लापरवाही और घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है और ग्रामीण काम बंद करने की मांग कर रहे है।

जनपद पंचायत बतौली क्षेत्र के दूरस्थ पहाड़ी इलाका ग्राम पंचायत चिपरकाया मूर्ताडांड में 15वें वित्त आयोग योजना से 2.10 लाख की लागत से नाली निर्माण किया जा रहा है। लगभग 70 मीटर नाली इन दिनों निर्माणाधीन है, लेकिन काम शुरू होते ही घटिया निर्माण और नियम विहीन प्रक्रिया ने सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर न स्वीकृत लेआउट, न तकनीकी स्वीकृति, न मूल्यांकन रिपोर्ट और न ही कार्य सूचना बोर्ड लगाया गया है। इसके अलावा ग्रामीणों का आरोप है कि नाली निर्माण में मानक के अनुसार सरिया का उपयोग नहीं हो रहा और सीमेंट की मात्रा कम रखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह नाली पहली बारिश में ही बैठ जाएगी। विडंबना है कि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव द्वारा लाखों की नाली निर्माण का लेआउट करना मुनासिब नहीं समझा बल्कि खुद ही ठेकेदार के माध्यम से खुद इंजीनियर बन निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया जहां नाली बनाने डेढ़ मीटर की गहराई की जाती है वहां ठेकेदार कार्य निपटाने तथा ग्रामीणों को गुमराह करते हुए 1 मीटर की खुदाई करवा धड़ल्ले से निर्माण कर रहे। इधर ग्रामीणों ने गुणवत्ता युक्त निर्माण किए जाने की मांग की है।



### कार्य की नहीं कोई जानकारी

हमारे विभाग से न तो इस कार्य का कोई लेआउट स्वीकृत है, न किसी इंजीनियर की तैनाती की गई है और न ही हमें इसकी कोई जानकारी है। बिना विभागीय जानकारी के हो रहे निर्माण की जांच कराई जाएगी।

-चंद्रभान सिंह एसडीओ आरईएस विभाग

## खबर संक्षेप

### पल्स पोलियो कार्यक्रम का हुआ प्रशिक्षण

**बिलाईगढ़।** कलेक्टर के निर्देशानुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ क़े मार्गदर्शन में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में डॉ एस जायसवाल खंड चिकित्सा अधिकारी बिलाईगढ़ की अध्यक्षता मे पल्स पोलियो कार्यक्रम की प्रशिक्षण दी गई। जो की 21 दिसम्बर से 23 दिसंबर तक आयोजित है। जिसमें 0.5 वर्ष क़े समस्त बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जानी है। प्रथम दिवस मे बूथ में और दूसरे व तीसरे दिवस मे घर घर जाकर टीम द्वारा पोलियो की दवा पिलाई जाएगी क़े सम्बन्ध में विस्तित चर्चा किया गया। जिसमें समस्त चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक लखेश्वर बघेल, हेमकुमार जोल्हे बी टी ओए विकासखंड डाटा मैनेजर आशुतोष भारद्वाज सभी सेक्टर सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला पुरुष और जेएसए उपस्थित रहे।

### मतदाता पंजीयन के लिए विशेष शिविर आयोजित

**बिलाईगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी के अनुसार मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व सूचना के अनुसार छात्र छात्राओं को आधार कार्ड, 10 वीं अंकसूची एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। शिविर में महाविद्यालय में अध्ययनरत ऐसे छात्रों, जिनकी आयु 01 जनवरी तक 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है और मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ा है से फॉर्म 6 भरवाया गया। इस दौरान कुल 59 छात्र छात्राओं ने नए मतदाता के रूप में आवेदन किया। शिविर के संचालन हेतु एसडीएम कार्यालय बिलाईगढ़ निर्वाचन शाखा से जीतेंद्र गोस्वामी सहायक शिक्षक एवं दीपक वर्मा कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र, स्वीप प्रभारी पंकज साहू सहा प्राध्यापक भूगोल, सहयोगी डॉ सुमन लता राठौर अति व्या अर्थशास्त्र, कुसुम प्रधान अति व्या अंग्रेजी सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पेज 1 का शेष

### दो पिकअप से ...

शशि मोहन सिंह के निर्देश पर लोरो घाट में भारी पुलिस बल के साथ नाकाबंदी की गई।रात करीब 3 से 4 बजे दो संदिग्ध पिकअप आते दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही तस्करों ने वाहन तेज कर दिए। एक पिकअप जशपुर की ओर भागी, जबकि दूसरी वाहन को बैक कर दुलदुला–चटकपुर मार्ग की ओर भगाया गया।

### शोध कोई अल्पकालिक ...

ने वर्ष के चिकित्सा विज्ञान के नोबेल पुरस्कार पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार अमेरिका की मैरी ई. ब्रुनको, अमेरिका के ही फ्रेड राम्सडेल और जापान के वैज्ञानिक शिमोन साकागुची को "पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस" की खोज के लिए दिया गया। इन वैज्ञानिकों ने यह महत्वपूर्ण रहस्य उजागर किया कि मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली स्वयं की कोशिकाओं पर हमला क्यों नहीं करती। ईमानदारी एवं अनुशासन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी- व्यक्तिगत अनुभव और शोध यात्रा अमेरिका में अपने पोस्ट-डॉक्टरेट शोध के दौरान किए गए कार्यों को बताया व्याख्यान को और रोचक बनाते हुए प्रो.सिंह ने अपने व्यक्तिगत शोध अनुभव भी छात्राओं के साथ साझा किए। उन्होंने अमेरिका में अपने पोस्ट-डॉक्टरेट शोध के दौरान किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि एक वैज्ञानिक को कई बार सीमित संसाधनों, असफल प्रयोगों और लंबे इंतजार से गुजरना पड़ता है। बावजूद इसके, निरंतरता और आत्मविश्वास ही वैज्ञानिक को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि शोध की राह कठिन जरूर होती है, लेकिन यही कठिनाइयां एक वैज्ञानिक को मजबूत बनाती हैं। यदि छात्राएं विज्ञान को केवल पाठ्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि जिज्ञासा और खोज की भावना के साथ अपनाएं, तो वे भी भविष्य में बड़े शोध कार्य कर सकती हैं। कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रो. सिंह ने छात्राओं को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य तय करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के प्रति ईमानदारी और अनुशासन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। यदि कोई विद्यार्थी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मेहनत करता है, तो सफलता अवश्य उसके कदम चूमती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, आईक्यूएसी के सदस्य और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

---

### किसानों को 25853.30 लाख का भुगतान, 38,230 ऑनलाइन टोकन जारी

# जिले में 19,436 किसानों ने बेचा धान 10 लाख क्विंटल से अधिक खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की किसान हितैषी नीति के प्रभाव से रायगढ़ जिले में धान खरीदी अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। शासन के निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे किसानों में उत्साह और संतोष का माहौल है। जिले में 19 हजार 578 किसानों से अब तक कुल 1091317.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 25853.30 लाख रुपए की भुगतान राशि जारी की गई है।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने अपने प्रभार वाले धान उपार्जन केंद्रों का नियमित भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें तथा कोचियों एवं बिचौलियों की गतिविधियों पर सतत एवं कड़ी निगरानी रखें। यदि धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो नोडल अधिकारी तत्काल संबंधित एसडीएम को सूचित करें, ताकि समय रहते निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। जहां धान उपार्जन केंद्रों में निर्धारित बफर स्टॉक से अधिक धान का संधारण हो गया है, वहां धान उठाव की कार्रवाई तत्काल कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे भंडारण की समस्या न हो और खरीदी कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सके। इसके साथ ही उन्होंने धान विक्रय कर चुके किसानों का रकबा समर्पण की कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बता दें कि कलेक्टर द्वारा प्रतिदिन नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार निर्देश दिए जा रहे है, जिससे किसानों को सहुलियत मिल रही है और धान खरीदी अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है।

#### बुधवार के लिए 1,48,776.10 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य

बुधवार के लिए जिले में 1,48,776.10 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों की सुविधा के लिए अब तक 38,275 ऑनलाइन टोकन जारी किए जा चुके हैं, जिससे निर्धारित तिथि पर बिना अव्यवस्था के धान विक्रय संभव हो पा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार उपार्जन केंद्रों में छाया, पेयजल, बैठने, तौल एवं त्वरित भुगतान जैसी व्यवस्थाओं से किसान संतुष्ट नजर आ रहे हैं। किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की किसान केन्द्रित नीतियों एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में की गई व्यवस्थाओं की सराहना की है।

#### अवैध धान परिवहन भंडारण पर 126 कार्रवाईयां

प्रशासन द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अब तक 126 मामलों में कार्रवाई करते हुए 28,887.20 क्विंटल धान जब्त किया गया है, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। धान उपार्जन के साथ.साथ रकबा समर्पण की प्रक्रिया भी सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। जिले में अब तक 9,100 कृषकों द्वारा कुल 859.37 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया गया है, जिसे प्रशासनिक रिकॉर्ड में विधिवत दर्ज किया गया है।

---



## वृद्धा की जमीन को बनाया बंधक, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

फर्जी ढंग से वृद्ध महिला की स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि खेत से लोन निकाल कर उपयोग करने एवं जमीन को बंधक बनाने से परेशान महिला ने कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

कलेक्टर में की गई शिकायत में वृद्ध महिला ने बताया कि मेरा नाम जानकी पटेल पति हीरालाल पटेल 60 वर्ष निवासी कंडोला थाना सरिया तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़ की निवासी हूं। मेरे स्वामित्व व अधिकार पर कृषि भूमि ग्राम कंडोला पटवारी हल्का नंबर 10 राजस्व निरीक्षक मंडल गोबरसिघा तहसील सरिया में खसरा नंबर 168/2 रकबा 0.252 हे को डोल नारायण पटेल पिता मिनकेतन पटेल ग्राम कंडोला के द्वारा फर्जी कूट रचित कर रायगढ़ के एक बैंक से सांठगांठ कर निकाल लिया है। तथा मेरे भूमि को उक्त बैंक में बंधक बना दिया है। जिससे मेरे को कोई भी शासकीय योजना का लाभ नहीं मिल रही है और ना ही मैं किसी आवश्यक कार्य के लिए उक्त भूमि को बेच पा रही हूं। उन्होंने अपने आवेदन में लिखी है कि उक्त भूमि कई सालों से मेरे कब्जे में है, लेकिन रिकार्ड दुरुस्त नहीं होने के कारण मुझे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी सरिया एवं पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ को भी लिखित में आवेदन देकर अनावेदक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग किया था। लेकिन अब तक पुलिस के द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है। उन्होंने कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ से मांग किया है कि इस संबंध में उचित जांच कार्रवाई की जाए।

---

## विधानसभा में विधायक लालजीत ने उठाया जल, जंगल, जमीन का मुद्दा

**रायगढ़।** विधानसभा में जिले के धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने जल, जंगल जमीन का मुद्दा उठा कर सभी का ध्यानाकर्षित किया। वहीं अपने सवालों से प्रदेश सरकार को घेर कर रखा। विधानसभा में धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया कहा कि आदिवासी समाज के लिए जल, जंगल, जमीन उनके आय का मुख्य साधन है और वे उसी पर आश्रित हैं।



■ अपने सवालों से प्रदेश सरकार को घेरा

जल, जंगल, जमीन के साथ उनकी निजी भूमि भी है और वह उस जमीन को देना नहीं चाहते। आज किसान संपन्न होते जा रहे हैं और खेती-बाडी करके अपने खुद के वजूद को बचाना चाह रहे हैं। यदि वह जमीन नहीं देना चाह रहे हैं तो ऐसी जबरदस्ती क्यों है। वहां 5वीं अनुसूची लागू है, ग्राम सभा से कोई प्रस्ताव नहीं है। ग्रामसभा सहमत नहीं है फिर भी वहां जबरदस्ती जनसुनवाई करके उनके जंगल की कटाई क्यों की जा रही है। उन्होंने अध्यक्ष से कहा कि ऐसा क्यों हो रहा है, इस पर हम सब को विचार करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण अपनी बात रखने जा रहे हैं तो अधिकारी उनसे मिल नहीं रहे हैं, सुन नहीं रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारे नेता जी के द्वारा और हमारे दल के द्वारा स्थगन प्रस्ताव लाया गया है। यह सूचना हमारे किसानों और छत्तीसगढ़ के लिये हैं। हम लोग जय जवान, जय किसान का नारा लगाते हैं और हमारे ही जवान और किसान परेशान हो यह हमारी सरकार के लिये बहुत दुर्भाग्य की बात है। किसान बहुत ही मुश्किल से खेती-बाड़ी करता है और वह अकेले खेती नहीं करता बल्कि वह पूरे परिवार के साथ मिलकर, पड़ोसी के साथ मिलकर और गांव वालों के साथ मिलकर खेती करता है, तब जाकर वह खेती तैयार होती है।

#### हाथियों के आतंक से किसान हैं परेशान

विधायक लालजीत ने विधानसभा में कहा कि जिले में हाथियों का भी आतंक है, जिसके कारण किसान रात में जागकर फसल की रखवाली करता है ताकि जो खेती नहीं करते हैं उनको अनाज मिल सके। वह अरहर, उड़द, धान और गेहूं की खेती करता है। आज उसी किसान को सरकार के द्वारा धान खरीदी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जैसे सरकार का एक नियम बना है कि टोकन ऑनलाईन कटवाना है। एक किसान का पहला टोकन ऑनलाईन कट गया और दूसरा टोकन भी ऑनलाईन कट गया और जब वह टोकन को मंडी में लेकर जा रहा है तो वहां बोला जा रहा है कि आप बड़े किसान हैं और आपको 15 दिन बाद टोकन कटवाना चाहिए था और तब आना था। ऐसा कौन सा नियम है और क्या उनको सूचना दी गई है कि आप दोबारा टोकन नहीं कटवा सकते।

---



### लोहाखान तक बन रहे सड़क पर उठ रहे सवाल

**पुसौर।** एनटीपीसी लारा क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम कठानी से लोहाखान तक इन दिनों मुख्यमंत्री सड़क का निर्माण किया जा रहा है जो लगभग एक साल होने को है। उक्त दोनों गावों की दूरी के लगभग आधा हिस्से में पूर्व सरकार द्वारा सड़क बनाया गया था और आधे हिस्से में वर्तमान बन रहा है। समीपस्थ रहवासियों का मानना है कि पूर्व में बने रोड प्राक्कलन के अनुसार नहीं होने तथा गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने के कारण वह रोड लगभग 3 साल में ही जगह जगह क्षतिग्रस्त हो चुका है और वर्तमान निर्माण एजेन्सी द्वारा इसी तरह उन्ही त्रुटियों को दोहराया जा रहा है जिससे उक्त रोड की आयु कम हो सकती है। इसमें मुख्यमंत्री सडक योजना के अधिकारियों का कहना है कि इसकी जांच की जाएगी और उसमें सुधार लाया जाएगा। ज्ञात हो कि कार्यवधि का समय केवल एक माह बचा है जिस में निर्माण ऐजेन्सी को डामरीकरण भी करना है।

---

## धान खरीदी केंद्र में किसानों के लिए की गई पूरी व्यवस्था

**जशपुरनगर।** जिले के मनोरा विकासखंड के ग्राम डड़गांव निवासी किसान गांधी भगत, पिता लहरू राम भगत ने मनोरा स्थित धान खरीदी केंद्र में की जा रही सुव्यवस्थित व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने करीब 182 क्विंटल धान का टोकन कटाया, जिसमें उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।



किसान गांधी भगत ने कहा कि टोकन कटाने की प्रक्रिया बहुत आसान रही। खरीदी केंद्र में उन्हें साफ-सुथरा बारदाना, समय पर तौल और कर्मचारियों का सहयोग मिला।

उन्होंने बताया कि अब किसानों को लाइन में खड़े रहने या बार-बार चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। सभी काम तय समय पर हो रहे हैं, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि शासन की इस व्यवस्था से किसानों को धान बेचने में सुविधा मिली है और उन्हें अपने उत्पाद का सही मूल्य समय पर मिल रहा है। किसान गांधी भगत ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों से किसानों को वास्तविक लाभ मिल रहा है।

#### किसान क्रेडिट कार्ड योजना

किसान गांधी भगत ने बताया कि उनके पिता लहरू राम भगत के नाम से किसान क्रेडिट कार्ड बना हुआ है। इस कार्ड की मदद से वे जरूरत के समय खाद, बीज और अन्य कृषि सामग्री आसानी से ले लेते हैं। इससे खेती के लिए पैसों की परेशानी नहीं होती और काम समय पर हो पाता है। शासन द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना इसलिए लागू की गई है ताकि किसानों को सस्ती ब्याज दर पर समय पर ऋण मिल सके। इस योजना से किसान साहूकारों पर निर्भर नहीं रहते और खेती की तैयारी बिना रुकावट कर पाते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड से खेती-किसानी मजबूत होती है और किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर बनती है।

---

### कलेक्टर ने अधिकारियों को ऊर्जा बचाने दिलाया शपथ

**सारंगढ़।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण के लिए ऊर्जा बचाओ संकल्प अभियान अंतर्गत कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के प्रभारी अधिकारियों को ऊर्जा बचाने के लिए शपथ दिलाया कि मैं स्वयं और अपने परिवार के साथ साथ अपने आस पास के लोगों को भी ऊर्जा की बचत करने और सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करूँगा। मैं ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग से बचूँगा और स्वच्छ, सस्ती और सतत ऊर्जा के उपयोग के माध्यम से पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दूंगा। यह शपथ सौर ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग, बचत और संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से नागरिकों और संस्थानों को ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सहयोग किया जा रहा है। इस शपथ का उद्देश्य जीवाश्म ईंधन कोयला पेट्रोलियम के बजाय सौर ऊर्जा और अन्य नवीकरणीय स्रोतों का उपयोग करना, घरों और समुदायों को ऊर्जा के लिए आत्मनिर्भर बनाना है।

---

## स्मार्ट सिटी राउरकेला में कड़ाके की ठंड का प्रकोप

**राउरकेला।** स्मार्ट सिटी राउरकेला में विगत एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड और घने कुहासे का प्रकोप लगातार बना हुआ है। हर दिन सुबह चार बजे से लेकर लगभग नौ बजे तक पूरा शहर कोहरे की मोटी चादर में लिपटा रहता है।

कई स्थानों पर दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर रह जाने से सड़कों पर वाहनों का चलना बेहद मुश्किल हो गया है। इस्पात नगरी के लगभग सभी इलाके ठंड और कोहरे की चपेट में हैं। एन एच पर जोलडा सी ब्लॉक मे पुलिस की ओर से ट्रैफ़कि व्यवस्था को नियंत्रण किया जा रहा हैं,ताकि कोहरे से होने वाली दुर्घटना को रोका जा सकता हैं। तापमान में आई भारी गिरावट के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। लोग धूप निकलने तक घरों में रहने को मजबूर हैं, जबकि कामकाजी लोग अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजारों में गर्म कपड़ों, शॉल और कंबलों की मांग अचानक बढ़ गई है। ठंड के कारण शाम होते ही सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है।

---

## सेवा सहकारी समिति मर्यादित करनपाली में किसानों से लिया जा रहा है अत्यधिक धान तौल

**बरमकेला।** बरमकेला के अंतर्गत आने वाले सेवा सेवा सहकारी समिति मर्यादित करनपाली का है जहां किसानों के साथ किया जा रहा है खिलवाड़ नियम के विपरीत धान का तौल किया जा रहा है।

41 किलो 200 से 300 ग्राम सेवा सहकारी समिति की मनमानी चरम सीमा पर है किसानों के अत्याधिक धन तौल से कामना चाहते मोटी कमाई वहीं हमारे संवादाता के टीम के द्वारा फंड प्रभारी से ज्यादा तौल के संबंध में पक्ष लेना चाहा तो अपना पक्ष देने से इनकार कर दिया शासन प्रशासन के नियमों का खुला उल्लंघन हो रह है। खबर चलने के बाद क्या कुछ कार्रवाई होता है यह देखने वाली बात होगा।



---

## 12 बकरियां ले उड़े चोर ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नारायणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग गांवों में बकरी चोरी की सनसनीखेज घटनाएं सामने आई हैं। चोरों ने स्टेट हाईवे से लगे मकानों को निशाना बनाते हुए कुल 12 बकरियों की चोरी कर ली। इन घटनाओं से पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। ग्रामीणों में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर गहरी चिंता देखी जा रही है। पहली घटना ग्राम रामसमा की है, जहां निवासी शंकर राम यादव पिता– कुंवर यादव के घर से अज्ञात चोरों ने रात के समय 5 बड़े-बड़े बकरे चोरी कर लिए। बताया गया कि जब बकरी का बच्चा 12 बजे रात रोने लगा, तब शंकर राम की नींद खुली। जब जाकर देखा तो पाया कि घर में बंधे 5 बकरे गायब हैं। उनका मकान स्टेट हाईवे से सटा हुआ है, जिससे चोरों को भागने में आसानी मिली। दूसरी घटना ग्राम साहीडांड़ भाटीडिपा की है, जहां गुरुवार की रात चोरों ने निर्भय सिंह के घर को निशाना बनाया। निर्भय सिंह के अनुसार चोरी की यह वारदात 18 दिसंबर की रात करीब 1 से 2 बजे के बीच हुई। अज्ञात चोरों ने पहले घर के आहाते को फांदकर प्रवेश किया और फिर जिस कमरे में बकरियां रखी थीं, उसका ताला तोड़कर 5 बकरियों को बाहर निकाल लिया।चोरों की यह हरकत यहीं नहीं रुकी। उन्होंने बगल के कमरे में सो रहे परिवार के सदस्यों को बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया, ताकि कोई बाहर निकलकर उन्हें पकड़ न सके। इस पूरी घटना से यह स्पष्ट होता है कि चोर पहले से पूरी योजना बनाकर आए थे और इलाके की भौगोलिक स्थिति से भी परिचित थे।

#### पीड़ितों ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

दोनों गांवों में हुई चोरी की घटनाओं में दोनों ग्रामीणों को करीब 2 लाख रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित निर्भय सिंह ने बताया कि बकरियां उनके परिवार की मुख्य जीविका का साधन थीं और इस चोरी से उनका परिवार गंभीर आर्थिक संकट में आ गया है।घटना के बाद दोनों पीड़ित किसानों ने नारायणपुर थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाना पुलिस के अनुसार, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाएगी साथ ही ग्रामीणों से पूछताछ कर संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने का प्रयास करेगी। पुलिस ने जल्द ही चोरों की पहचान कर गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

#### रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग

इधर, स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग रात में चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं और अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं।

---

### आंध्र प्रदेश से काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए निकले पद यात्री

# 1100 किमी की यात्रा पर निकले शिव भक्तों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था ऐसी की 1100 किलोमीटर की यात्रा पैदल ही करने निकले है आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं का सरिया में सम्मान किया गया। आंध्र प्रदेश राज्य के विशाखापट्टनम जिले में स्थित भीमुनिपटनम गांव से 1 दिसंबर को यात्रा प्रारंभ किए थे और 16 वे दिन 600 किलोमीटर की यात्रा कर ओडिशा सीमा पार करके छत्तीसगढ़ राज्य में प्रवेश किया। यहां सरिया में यात्रियों को गांधी चौक में श्रीफल एवं आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए उनका सम्मान किया।

आंध्र प्रदेश के श्रद्धालु ने काशी विश्वनाथ तक की पदयात्रा शुरू की, जो भगवान भोले के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। धार्मिक परंपराओं में भक्त अपने ईश्वर को प्रसन्न करने के लिए कई तरह के उपाय करते हैं। इसमें एक प्रमुख तरीका है पदयात्रा। इस परंपरा को हर समय जीवित रखते हुए आज भी कई भक्त अपने विश्वास और श्रद्धा के प्रतीक के रूप में लंबी यात्रा करते आ रहे हैं। ऐसी लंबी यात्रा में आंध्र प्रदेश के पांच श्रद्धालुओं का बुधवार सुबह 8 बजे सरिया गांधी चौक आगमन पर गांधी चौक व्यापारी संघ के द्वारा सम्मान किया गया। एक महिला सहित पांच सदस्यीय श्रद्धालुओं की टीम में आंध्र प्रदेश से बाबा विश्वनाथ काशी धाम की यात्रा पर निकले। वहां के शिव मंदिर के पुजारी डीएस नागेश्वर राव ने बताया कि हम लोग प्रतिदिन 30 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं और 1100 किलोमीटर की यात्रा तय कर बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रहे हैं। काशी विश्वनाथ पहुंचने पर सबसे पहले मां गंगा में स्नान करेंगे। उसके बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करेंगे। शिव भक्त की कल्ला राजेश ने बताया कि बाबा विश्वनाथ सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं उन्होंने ने कहा कि काशी को दिव्य और अलौकिक मानते हुए इसकी महिमा का बखान किया। पैदल यात्रियों के साथ में यात्रा कर रहे आंध्र प्रदेश के ही श्रद्धालु पी सत्य का कहना है कि हम लोग पहली बार है यात्रा कर रहे हैं और हमारे टीम का नेतृत्व हमारे शहर के शिव मंदिर के पुजारी नागेश्वर राव कर रहे हैं। इसके पहले नागेश्वर राव दो तीन बार पैदल यात्रा कर चुके हैं और उन्हीं के नेतृत्व में हम लोग जा रहे हैं। श्रद्धालुओं ने कहा कि सरिया में हमारा मान सम्मान किया। इसे हम सदैव याद रखेंगे। इसी तरह जगह हमारा मान सम्मान हो रहा है। यह सब सनातन धर्म का ही पहचान है।